Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-05-2022 | अंक 238

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाए हम


## आइए आज ही अपने नाम का एक पौधा लगाएं और आने वाले कल को खूबसूरत बनाए

## इस पर्यावरण दिवस पर करे कुछ विशेष : 5 जून पर्यावरण दिवस हमारा लक्ष्य 1000 पौधे इस वर्ष

## पौधे लगाओ, सेल्फी भेजो अभियान से जुड़ने के लिए अपना फोटो, 9550809864 पर भेजे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

1 पर्यावरण शब्द दो शब्दो से मिलकर बना है। पारी और आवरण जिसमे पारी का अर्थ हमारे चारों और है एवं आवरण का अर्थ है जो हमे चारो और से घेरे हुए है। पर्यावरण जलवायु, स्वच्छता, प्रदूषण, तथा वृक्ष का सभी को मिलाकर बनता है, और यह सभी चीजें यानी हमारा पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता है और उसे प्रभावित करता है।






**अपेम परिवार आप सभी अधिकारियों, नेता गण, शिक्षक - शिक्षिकाएं, पर्यावरण प्रेमियो एवं अपेम लाइव न्यूज के पाठको से अनुरोध करता है की इस पर्यावरण दिवस पर एक एक पौधा अपने नाम का अवश्य लगाएं और अपना फोटो 9550809864 पर भेजे आपका फोटो प्रमुखता के साथ अपेम लाइव न्यूज में प्रकाशित किया जाएगा।**

मानव और पर्यावरण एक दूसरे पर निर्भर होते है। पर्यावरण जैसे जलयावू प्रदूषण या वृक्षों का काम होना मानव शरीर और स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। मानव की अच्छी - बुरी आदते जैसे वृक्षों को सहेजना, जलयावू प्रदूषण रो. कना, स्वच्छता रखना भी पर्यावरण को प्रभावित करती है। मानव की बुरी आदतें जैसे पानी को दूषित करना, बर्बाद करना, वृक्षों की अधिक मात्रा में कटाई करना आदि पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करती है।जिसके नतीजा बाद में मानव को प्राकृतिक आपदाओ का सामना करके भुगतना पड़ताहै।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1972 में 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन से हुई। 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

पर्यावरण के जैविक संघटको में सूक्ष्म जीवाणु से लेकर कीड़ों - मकोड़ों, सभी जीव जंतु और पेड़ - पौधो के आलावा उनसे जुडी सारी जैव क्रियाएं और प्रक्रियाएं भी शामिल है। जबकि पर्यावरण के अजैविक संघट्कों में निर्जीव तत्व और उनसे जुडी प्रक्रियाएं आती है, जैसे रू पर्वत, चट्टाने, नदी, हवा और जलवायु के तत्व इत्यादि

सामान्य अर्थो में यह हमारे जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों, तथ्यों, प्रक्रियाओं और घट्नाओं से मिलकर बनी इकाई है। यह हमारे चारों और व्याप्त है और हमारे जीवन की प्रत्येक घट्ना इसी पर निर्भर करती है और संपादित करती है। मनुष्य द्वारा की जाने वाली समस्त क्रियाएं पर्यावरण को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। इस प्रकार किसी जीव और पर्यावरण के बीच का संबंध भी होता है।

मानव हस्तक्षेप के आधार पर पर्यावरण को दो भागों में बांटा जा सकता है, जिसमे पहला है प्राकृतिक या नैसर्गिक पर्यावरण और मानव निर्मित पर्यावरण यह विभाजन प्राकृतिक प्रक्रियाओं और दशाओं में मानव हस्तक्षेप की मात्रा की अधिकता और न्यूनता के अनुसार है। पर्यावरण समस्याएं जैसे प्रदूषण, जल्यावु परिवर्तन इत्यादि मनुष्य को अपने जीवनशैली के बारे में पुनर्विचार के लिए प्रेरित कर रही है। और अब पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण प्रबंधन की आवश्यता महत्वपूर्ण है। आज हमे सबसे ज्यादा जरूरत है पर्यावरण संकट के मुद्दे पर आम जनता और सुद्धि पाठकों को जागरूक करने की आवाश्यता है।

### पर्यावरण संरक्षण हमारे लिए क्यों जरूरी है।

पर्यावरण स्वच्छ होने से लोग प्रदूषण के कारण होने वाले अनेक शारीरिक रोगों से बचे रहते है। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छे स्तर पर बनी रहती है। इस कारण भविष्य में कोरोना या दूसरी किसी भी बीमारी से बचाव के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। कोरोना जैसी बीमारियों से बचने के लिए पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है।

### पर्यावरण दिवस का क्या महत्व है।

पर्यावरण को सुधारने हेतु यह दिवस महत्वपूर्ण है जिसमे पूरा विश्व रास्ते में खड़ी चुनौतियों को हल करने का रास्ता निक. ालता है। लोगो में पर्यावरण जागरूकता को जगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृ ति की रक्षा के लिए जागरुकता बढ़ाना और दिन प्रतिदिन बढ़ रहे पर्यावरणीय मुद्दों को देखना है।

### बरही में किन जगहों पर किया जा सकता है वृक्षारोपण

नदी जलाशयों के चारो और, खेल मैदान के चारो और, सड़क के। किनारे, पहाड़ों के नजदीक, मिट्टी कटाव वाले स्थलों पर, स्कूल/क०लेज के परिसर के चारो और, सार्वज. निक स्थलों में, नहर के किनारे। इसके अलावा बरही चौक पर फूल के पौधे लगाकर इसे सुजसज्जित किया जा सकता है।

APEM LIVE

# अनवर हुसैन खेलो इंडिया गेम के तकनिकी पदाधिकारी बने

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हज़रीबाग के एथलेटिक कोच एंव झारखण्ड एथले. टिक तकनिकी संघ के कन्वेनर अनवर हुसैन का चयन खेलो इंडिया गेम मे टेक्निकल अ०फिसियल के रूप मे हुआ है खेलो इंडिया गेम हरियाणा के पंचकूला मे दिनांक 03,06,22 से 13,06,22 तक आयोजित होगा अनवर हुसैन इससे पहले भी खेलो इंडिया गेम गौहाटी मे अ०फिसियल मे जा चुके है तथा कई अंत. रराष्ट्रीय एथलेटिक मे ऑ. फिसियल के भूमिका निभा चुके है इस चयन पर हज़रीबाग के सभी संघ के लोगो ने बधाई दी एथलेटिक संघ के अजीत कुमार.वॉलीबॉल संघ के भैया अभिमन्यु. सत्यदेव सिंह.बूटन सिंह.रा. जकुमार गिरी,फुटबॉल संघ के भैया मुरारी.कबड्डी संघ के मनन विश्कर्मा.एथले. टिक कोच साबिर हुसैन एंव समस्त हज़रीबाग के खेल प्रेमी ने बधाई दी

# अचीवर्स क्लासेस का स्कॉलरशिप टेस्ट कल, तैयारी पूरी, 9 बजे सुबह से होगा पंजीयन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

अचीवर्स क्लासेस की ओर से आज स्वामी विवेकानंद पुस्. तकालय के वाचनालय कक्ष में स्क०लरशिप टेस्ट एग्जाम का आयोजन किया गया है। इसमें कक्षा नौंवी से 12 वीं के बच्चे भाग लेंगे। भाग लेने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। इस संदर्भ में अचीवर्स क्लासेस के निदेशक डॉअरविंद ठाकुर एवं अजय ठाकुर ने बताया कि बरही में भी अचीवर्स क्लासेस का ब्रांच जून में खुलना तय हो गया है। इसी को लेकर स्क०लरशिप टेस्ट लिया जा रहा है जो मेधावी बच्चे होंगे, उन्हें रियायत दी जाएगी। स्कॉलरशिप टेस्ट के बाबत उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों का निबंधन पहले किसी कारणवश नही हो पाया उनका निबंधन 29 मई को सुबह नौ बजे टेस्ट स्थल पर आकर करवा सकते हैं। टेस्ट एग्जाम 11 बजे पूर्वाहन से 12 बजे अपराह्न तक होगा। यह टेस्ट पूरी तरह निःशुल्क है। इसमें किसी तरह का कोई चार्ज नही देना होगा। इस कार्यकम को सफल बनाने में डॉ सुनील दत्ता, सशि भूषन आदि लोग भी लगे हुए हैं।।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## 32 वर्षीय खिरगांव निवासी आर्मी के नायक संदीप कुमार पाल अब नहीं रहें

### लद्दाख सड़क हादसे में शहीद हुआ हजारीबाग का लाल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में एक सड़क हादसे में भारतीय सेना के 7 जवान की जान चली गई। अन्य जवानों को भी गंभीर चोटें आई है। हादसे के दौरान गाड़ी में कुल 26 सैनिक मौजूद थे । इस विषम सड़क दुर्घटना में हजारीबाग शहर के खिरगांव मुहल्ले के गडेरी मोहल्ला निवासी 32 वर्षीय भारतीय आर्मी के नायक संदीप कुमार पाल का भी निधन हो गया। संदीप कुमार पाल के पिता का नाम जय नंदन कुमार पाल है। ये दो भाई और दो बहन होते हैं। इनके बड़े भाई प्रिंटिंग का कार्य करते हैं और दोनों बहनों की शादी हो गई है। इनकी मां का पिछले कोरोना काल में 2020 के निधन हो गया था। संदीप ने इंडियन आर्मी वर्ष 2013 में ज्व०इन किया था। महज 09 साल में ही देश सेवा करते हुए दुनिया से अलविदा कह गए। संदीप अत्यंत निर्धन परिवार से काफी संघर्ष करते हुए देश सेवा के जज्बे के आर्मी ज्वॉइन किए थे। वे अबतक अविवाहित ही थे। कल रात्रि 09 बजे अचानक उनके घर पर जैसे ही यह दुखद सूचना पंहुची तो पूरे खेल गांव मोहल्ले में शोक की लहर फैल गई। यहां के एक - एक निवासी भारत मां के लाल की असामयिक निधन की सूचना से मर्माहित हुए। इनके बचपन के कई दोस्त हैं जिनके आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा है । इंडियन आर्मी के नायक संदीप कुमार पाल के आकस्मिक निधन की सूचना से मर्माहत अपेम परिवार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए और उनके शोकाकुल परिजनों को दुख सहने की अदम्य शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। वहीं अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा की हजारीबाग जिला के पावन धरती में जन्म लेने वाले ऐसे प्रतिभावान युवा का आकस्मिक निधन होना देश व समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मां भारती की सेवा के प्रति उनका समर्पण भाव हमेशा हजारीबाग वासियों के दिलों में याद बनकर जिंदा रहेगा ।

## कौन बनेगा करोड़पति में लॉटरी लगने का लालच देकर की जा रही है ठगी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




इन दिनों ऑनलाइन खरीदी और ल०टरी में इनाम उठने की लालच देकर ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है। अपेम लाइव न्यूज गिरिडीह रिपोर्टर बजरंगी महतो के व्हाट्सअप नंबर पर कौन बनेगा करोड़पति का एक व०लपेपर और एक वाइस रिकॉर्डिंग 7805911853से कल मैसेज आया। व०इस क०ल में कहा गया है,-हैलो नमस्कार मैं अंजली शर्मा बात कर रही हूं कौन बनेगा करोड़पति से। आल इंडिया अ०ल वाट्सअप नम्बर हैप्पी न्यू ईयर2022के मैसेज के आधार पर लॉटरी करवाया गया जिसमे आपके वाट्सअप नम्बर को सेलेक्ट किया गया है। आपके व्हाट्सअप नंबर पर 25लाख की ल०टरी लगी है। आपको और आपके परिवार को बहुत बहुत बधाई हो। आपके ल०टरी का पैसा एसबीआई खाते में ट्रांसफर हो चुका है। इसकी पूरी जानकारी के लिए आपके व्हाट्सअप नंबर पर लॉटरी का टिकट सेंड कर दिया गया है उसके ऊपर एक लॉटरी नंबर लिखा है और नीचे बैंक मैनेजर का व्हाट्सअप नंबर लिखा हुआ है। ए व्हाट्सअप नंबर सबसे पहले अपने मोबाइल में सेव कीजिए और व्हाट्सअप में एड कीजिए। बैंक मैनेजर के दिए गए नम्बर पर केवल व्हाट्सअप कॉल लगेगा, वीडियो कॉल और सामान्य वॉइस कॉल नही लगेगा। ऑनलाइन व्हाट्सअप कॉल बैंक मैनेजर से कर जानकारी लीजिए लॉटरी का। वे बताएंगे कि कैसे आपको ल०टरी कैसे लगी है और इनाम का 25लाख कैसे मिलेगा। तुरन्त 7359275957पर ऑनलाइन व्हाट्सप्प क०ल कीजिए। नमस्कार, जय हिन्द।

## सांसद सह अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संगम लाल गुप्ता का रांची में भव्य स्वागत

### झारखण्ड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने किया अभिनन्दन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले से भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा सदस्य व अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह बीजेपी ओबीसी मोर्चा के केन्द्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता दो दिनों के लिए झारखण्ड दौरे पर हैं। गुरुवार को रांची में झारखण्ड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने लेक गार्डन सभागार में सभा आयोजित कर श्री गुप्ता का भव्य सवागत किया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि झारखण्ड एक ऐसा राज्य है जहाँ पर तेली समुदाय की संख्या अकेले 22 प्रतिशत है, बावजूद इसके हमारा समाज राज. नितिक भागीदारी में काफी पीछे है और इसका कारण हमारा समाज का संगठित नहीं होना है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज हम देखते हैं तो यह दिखाई पड़ता है कि झारखण्ड में हमारे समाज के दर्जनों संगठन हैं और इससे यह प्रतीत होता है कि आज भी हम कितना पिछड़ा है, इसलिए उन्होंने यहाँ के तमाम संगठ्नों से अनुरोध किया कि सभी एक मंच पर आयें और संगठित होकर अपनी ताकत का परिचय दें। वही झारखण्ड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े साहू समाज को शैक्षणिक व रा. जनैतिक स्तर पर संगठन के माध्यम से जागरूक करना है। कहा कि जब तक समाज में जागरुकता व संगठन मजबूत नहीं होगा, तबतक राजनीतिक भागीदारी किसी दल द्वारा नहीं मिलेगा। आज भी लगभग हर क्षेत्र में समाज के लोग पिछड़े हुए हैं, उन्हें मजबूत बनाने की जिम्मेवारी हमसबों की है।

## उरूब गांव में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सात दिवसीय श्री श्री 1008 रूद्र महायज का आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



संबोधित करते अवधेश दास जी महाराज एवं 4 प्रवचन सुनते उपस्थित ग्रामीण

बड़कागांव : कोल माइंस पकरी बरवाडीह प्रभावित क्षेत्र उरूब गांव में सात दिवसीय श्री श्री 1008 रूद्र शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है 24 घंटा हरि कीर्तन किया जा रहा है ।शुक्रवार को राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त अनिल कुमार उर्फ बाल व्यास के द्वारा प्रवचन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रवचन सुनकर लाभ उठाया । बाल व्यास ने भारत की संस्कृति सनातन धर्म की महत्ता एवं संस्क. ारीक अध्यात्मिक बातों को बारीकी से अपने प्रवचन के दौरान रखा। उन्होंने कहा अपने धर्म के प्रति लोगों को कर्तव्यनिष्ठ होना चाहिए। जिस व्यक्ति में संस्कारित आध्यात्मिक गुण भरा हो वैसे लोगों की संगत से हमें कई प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। वही इस दौरान पत्रकारों से बात करते रामानंदचार्य भगवान दिग. ंबर अखाड़ा के अवधेश दास जी महाराज ने कहा वर्तमान काल में खानपान शैक्षणिक विचारधारा झरण कुर्तियों का प्रभाव से जनमानस ग्रस्त है । चुकी अध्यात्मिक वैदिक परंपराओं से मेरे समझ में दूरी बनाना कारण है । अति प्राचीनतम संस्कृति प्रणीत सिद्धांतों के द्वारा व्यवहार और विचारों के परावर्तन लाया जा सकता है। बड़कागांव मेरे लिए विशिष्ट स्थानों में एक है कई बार मैंने क्षेत्र का भ्रमण किया है यहां के लोग काफी मधुर एवं मिलन सार है। महायज्ञ 1 जून को भंडारा के साथ संपन्न होगा। यज्ञ को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए यज्ञ समिति में शामिल अध्यक्ष सुबोध सिंह, सचिव दिलीप सिंह ,कोषाध्यक्ष गणेश सिंह ,कार्यकारिणी सदस्यों में अक्षयवट सिंह ,जुगनू सिंह , नरेश सिंह ,प्रदीप सिंह , हरिनंदन सिंह, पवन सिंह , राजू सिंह प्रवीण सिंह ,संतोष सिंह रितेश कुमार के अलावा उरूरु गांव के तमाम विशिष्ट लोगों के सहयोग से महायज्ञ का संचालन किया जा रहा है।

## विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत

### मजदूर निजी कंपनी में पानी जहाज का चालक था

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर नारायण महतो (47) पिता स्व खदर महतो की मौत मुंबई में हो गई। वे प्रखंड के मडमो पंचायत अंतर्गत चटकरी गांव के रहने वाले थे। शनिवार को मृतक मजदूर का शव उनके पैतृक गांव लाया गया। ग्रामीण एवं परिजनों ने गमगीन माहौल में पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया। मृतक के बारे में बताया जाता है कि वे मुंबई में रहकर बीते 25 सालों से एक निजी कंपनी के अंदर खाड़ी खाता में पानी जहाज के चालक का काम करते थे। काम के दौरान उनके सीने में अचानक दर्द की शिकायत हुई। साथी कर्मियों के द्वारा उन्हें एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी बीच इलाज के दौरान 26 मई को उनकी मौत हो गई। मुंबई से हवाई जहाज के द्वारा शव को रांची लाया गया। रांची से एम्बुलेंस द्वारा शव चटकरी पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों की करुण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। कई ग्रामीण एवं जानने वाले लोग उनके घर पहुंचे और परिजनों को ढांढ़स बंधाया। लोगों का कहना है कि विष्णुगढ़ में पलायन सबसे बड़ी समस्या है। इलाके के बड़ी संख्या में मजदूर अन्य राज्यों के अलावा विदेशों में काम करते हैं। आए दिन प्रवासी मजदूरों की मौत या दुर्घटना के अक्सर मामले आते रहते हैं। ऐसी स्थिति में सरकार को पलायन रोकने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

APEM LIVE

## दो बाइक की टक्कर में महिला घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के ओरपरता निवासी पार्वती देवी उम्र 40 वर्ष पति चेतो महतो बाइक टक्कर में घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला अपना निजी काम से बरही आई हुई थी। घर वापस लौटने के क्रम में हरिजन स्कूल के नजदीक दो बाइक आपस में टकरा गई जिसमे महिला मामूली रूप से घायल हो गई। आनन फानन में महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## वट सावित्री व्रत 29 या 30 मई को

### 30 मई को होगी वट वृक्ष का पूजा :– पंडित गौतम

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी रु– वट सावित्री व्रत हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को रखा जाता है. इस साल यानी 2022 में वट सावित्री व्रत की तारीख को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है. व्रत रखने वाली मf. हलाओं को यह नहीं समझ में आ रहा है कि वट सावित्री व्रत 29 मई को रखें या फिर 30 मई को. मान्यता है कि वट सावित्री व्रत रखने और भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी जी का विधि विधान पूजन से अखंड सौभाग्य, सुखी वै. वाहिक जीवन और पति की लंबी आयु की प्राप्ति का वरदान मिलता है. इसके साथ ही इस दिन सुहागिन महिलाओं द्वारा सावित्री, सत्यवान और वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की पूजा करने की भी परंपरा है. वट वृक्ष के साथ विष्णु भगवान और मां लक्ष्मी की पूजा के समय वट सावित्री व्रत कथा भी सुनने की परंपरा है.

हिंदी पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि की शुरुआत 29 मई दिन रविवार समय दोपहर 02:15 बजे से हो रही है. ज्येष्ठ अमावस्या तिथि का समापन 30 मई दिन सोमवार समय दिन 03:39 बजे तक है. धर्म शास्त्र के अनुसार व्रत में उदया तिथि पर ही विचार किया जाता है. इस लिए वट सावित्री व्रत के लिए अमावस्या की उदयातिथि देखी जाएगी. चूंकि सूर्योदय के समय अमावस्या तिथि 30 मई को पड़ रही है तथा यह तिथि 30 मई को दिन 03:39 बजे समाप्त हो रही है. ऐसे में वट सावित्री व्रत 30 मई को रखा जाएगा. इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी प्रातरु 07:12 बजे से लग जा रहा है, जो पूरे दिन है. ऐसे में इस दिन व्रत पूजन अति पुण्य फलदायी होगा. 30 मई को ही शनि भग. वान की जयंती मनाई जाएगी सोमवार को अमावस्या तिथि होने से सोमवती अमावस्या का व्रत पर्व सौभाग्यवती महिलाएं श्रद्धा एवं विश्वास के साथ 30 मई को करेंगे पीपल वृक्ष की जड़ में भग. वान विष्णु को प्रतिष्ठित मानते हुए स्त्रियां पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमा करेंगे एवं ऐसा करने से पति सुख समृद्धि यश एवं विधि का फल प्राप्त करेंगे ।

## बिरनी :–दो भाइयों के बीच जमीनी विवाद में दोनों भाई घायल मामला पहुँचा थाना

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी थाना क्षेत्र के बलगो पंचायत के चिरुडीह गांव में दो भाई के बीच जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हुई। जानकारी के मुताबिक बता दें कि शनिवार सुबह दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई है।बता दे कि चिरुडीह गांव निवासी रसूल मिया के दोनों बेटे की बीच मारपीट हुआ है।मारपीट इतना भयानक था कि खून से पूरे लाल हो चुके थे। वही रसूल मिया के बड़े बेटा अफजल अन्सारी ने शनिवार सुबह को बिना जमीन बटवारे में दीवार देने का कार्य कर रहा था।तभी मैझला भाई इमामुल अन्सारी कार्य रो. कने के लिए आये तो बड़े भाई अफजल अन्सारी ने मैझला भी इमामुल अन्सारी के साथ मारपीट करने लगे।वही घटना की खबर सुनकर ग्रमीणों ने जब घटनास्थल पर पहुचा तो किसी भी तरह मारपीट पर बचाव कार्य शुरु कर दिया। वही दोनो भाई घायल हो गया है। और दोनों बिरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया है।बिरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया

**मामल क्या था ?**

बता दे कि घर से 700 मीटर में एक जमीन है।बिना जमीन बटवारे ने बड़े भाई दीवार देने शुरु कर दिया था।वही जब मैझला भाई ने इस कार्य को रोकने गया तो बड़े भाई ने मैझला भाई पर हमला कर दिया और पूरी तरह से घायल हो गया। जिस पर दीवार देने का कार्य रहा था।मारपीट करते वह खूनी संघर्ष में बदल गया।

**कई बार विवादों में रह है। ये जमीन**

बिरनी थाना प्रभारी अम. रजीत कुमार सिंह से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने ने बातया की घटना सत्य है। दोनों तरफ से आवेदन मिला है।बल्कि दोनो घायलों ने ने किसी पर का मुकदमा दर्ज नहीं कराया है।

## खबर ने दिखाई असर हुआ रेल्वे ओवर ब्रिज की नाली के ऊपर लगी जाली की मरम्मत



**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



पचम्बा के पास बनी रेलवे ओवरब्रिज के नाली के ऊपर लगी जाली धंसी

अपेम लाइव : गीरिडीह
बजरंगी महतो

गिरिडीह मुख्यालय को जोड़ने वाली पचंबा वाया चितरडीह जमुआ मुख्य पथ पर गिरिडीह की उपनगरी पचंबा से मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के नाली के ऊपर लगी जाली धंसे लगभग दो महिने बीत चुके हैं। कई गाड़ियां फंस चुकी है इस धंसे हुए जाली में। कई गाड़ियों को क्षति भी पहुंची है। रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं इस ओवरब्रिज से होकर। शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है यह ओवर ब्रिज। जब से ओवर ब्रिज का निमार्ण हुआ है लाइट की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। नाली के ऊपर लगी जाली के धंस जाने से सभी वाहन एक ही साइड से आते जाते हैं ऐसे में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कौन जिम्मेदार होगा उस दुर्घटना का? गिरिडीह जिला प्रशासन से अपेम लाइव न्यूज इस गम्भीर विषय को अपने संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने का आग्रह करती है ताकि कोई घटना घटित ना हो और किसी भी तरह का कोई जानमाल को नुकसान ना पहुंचे।

गिरिडीह जिला की उपनगरी पचंबा के पास स्थित कोड. रमा मधुपुर रेल्वे लाइन पर स्थित ओवर ब्रिज के नीचे बनी नाली के ऊपर लगी लोहे की जाली टूटकर धंस गई थी जिसकी खबर अपेम लाइव न्यूज दैनिक अखबार ने प्रमुखता से उठाई थी। नाली के ऊपर लगी जाली के टूट जानें से राहगीरों को आने जानें में परेशानी उठानी पड़ रही थीं। कई गाड़ियां इस टूटी हुई नाली में फंस कर नुकसान हो रही थीं। खबर ने दिखाई असर, आज शुक्रवार को नाली के विभाग की नींद खुली और ऊपर जाली को लगाकर मरम्मत कार्य शुरु हुई और दुरुस्त कर दिया गया। अब आवाजही पूर्व की भांति सुगम और सरल हो गई।

## सैकडों बोरी अनाज न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन के रैक प्वाइंट पर लावारिस हालत में सड़ रहा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर गिरिडीह न्यू रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में पड़ा पड़ा सड़ रहा है। गिरिडीह न्यू रेलवे स्टेशन पर रैक प्वाइंट बनने से यहां के उद्योगपतियों और गरीबों के बीच वितरण होने वाली अनाज सीधे गिरिडीह पहुंचने की सुविधा मिली। गिरिडीह के आला अधिक. ारियों की लापरवाही का जरा बानगी तो देखिए गिरिडीह न्यू रेलवे स्टेशन पर बने रैक प्वाइंट पर सैकड़ो बोरी अनाज लावारिस हालत में पड़ा पड़ा सड़ रहा है। गिरिडीह के आला अधिकारियों के दुःसाहस की दाद देनी पड़ेगी कि आज तक किसी भी अधिकारी के पास इतना भी समय नहीं है कि इस सड़ रहे अनाज की सुध ले सके। गरीबों के हक के निवाले को एक तरफ़ जहां राशन डीलर सरेआम दिनदहाड़े हैकड़ी के साथ गबन कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर अधिकारीयों की लापरवाही की भेंट चढ़ रही ए सैकडों बोरी अनाज। एक तरफ़ गिरिडीह में चोरों और अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है, दिनदहाड़े चोरी करना और दिनदहाड़े गोली मारकर आराम से निकल जाना आम बात हो गई है। गिरिडीह में लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। विधि व्यवस्था मानो चरमरा सी गई है गिरिडीह शहर में।

## भाकपा माले ने किया पार्टी विस्तार को लेकर बैठक सैकड़ो लोगों ने थामा माले का दामन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



दिन शुक्रवार 27मई को देर शाम को माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा व जिला कमिटी सदस्य प्रीति भाष्कर माले नेता निशान्त भाष्कर, ग्रामीण के बुलाने पर गिरिडीह सदर प्रखंड अंतर्गत सिकदारडीह पंचायत के सीकदारडीह पहुंचे उ न्होंने खुला मैदान में जमीन पर बैठकर,संगठन को विस्तार पूर्वक समझा और सभी ने,माले को ज०इन किया है।लगभग 150 नए साथी सामील हुए लाल झंडा तले। ज्ञात हो कि श्री सिन्हा रा. जनीतिक में आने से पहले एक बड़े संस्थान के निदेशक भी थे तो उनके प्रत्येक इलाके में छात्र छात्राएं है,श्री सिन्हा ने युवाओ को राजनीति में आने का आवाहन किया है,श्री सिन्हा ने लगभग 2 घंटे पार्टी के बारे विस्तार से बताया,उन्होंने कहा कि माले चुनावी पार्टी नहीं है जो सिर्फ चुनाव में बूथ खर्चे बाटने के बाद नेता कहलाये,बल्कि आंदोलन के नाम से जाना जाता है,दबे कुचले,की आवाज है माले इसलिए जॉइन करना चाहते है,माले को,कई उदाहरण दिया गया जिसमें सिर्फ माले आवाज उठाया बाकी जो चुनावी पार्टी वह भाग खड़े हुए। माले के जिला कमिटी सदस्य प्रीति भाष्कर व माले नेता निशान्त भाष्कर ने संगठन में महिलाओ का महत्व बताया,महिलाओ के हक अधिकार की बात की,महिला नेत्री प्रीति भाष्कर ने कहा कि 24 घंटे हम आपके साथ खड़े मिलेंगे,पूरे जिले में माले को बेहतर काम के लिए जाना जाता है तो माले को जनता वोट के समय साईड क्यों करती है,इसपर गहराई से विचार करें। माले के नासिर शेख के साथ सभी बड़े बुजुर्ग,युवा ने कहा कि माले के कार्य को जानने के लिए किसी को बताने की जरुरत नहीं है,हम सब जानते है। बैठक में मुख्य रूप से मो मेहताब आलम,मो शमशाद मिर्जा,मो नियाज मिर्जा,मो सज्जाद अंसारी,मो तस्लीम अंसारी,सरफराज अंसारी,मो उदीन मिर्जा,मो न०साद शेख, मो मिर्जा अली,मो कमरुद्दीन,मो इदरीस मिर्जा,मो अफरोज मिर्जा,मो सब्बीर शेख, मो सीकन्दर अंसारी,मो नेयर शेख, राजा बाबू आदि उपस्थित थ।

## न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन जाने का रोड में जगह जगह बन गए हैं गड्ढे

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला मुख्यालय से लगभग 06किलोमीटर दूर कोडरमा मधुपुर रेल्वे लाईन पर स्थित न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन जानें वाली एक मात्र रोड पर कई जगह गड्ढे बन गए हैं और कई जगह रोड धंसकर गड्ढा बन गया है। गिरिडीह क०लेज के पास बनी ओवर ब्रिज के पास से निकली न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन जानेवाली करीब तीन किलोमीटर रोड में कई जगह गड्ढे बन गए हैं। रोड बने कुछ खास दिन नही हुए हैं मगर रोड की जरजरता यह स्पष्ट संकेत दे रही है कि रोड निर्माण करने वाली एजेंसी ने कितनी घटिया सामग्री का उपयोग किया है। आख़रि इस नए रोड की इतनी जल्दी जर्जर हो जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके जिम्मेदार लोग और अधिकारीयों को चिन्हित कर ठोस कार्रवाई करे गिरिडीह जिला प्रशासन।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## नदियां भी कर रही है बारिश का इंतजार

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



इस साल भीषण1गर्मी के कारण एक तरफ लोग परेशान ही है।ऊपर से नदिया,कुवा,तलाब पोखर आदि चीज सुख चुका है। ज्यादातर देखे जाए तो नदियों में एक चुंग पानी का नसीब नहीं हो रहा है। वही लोगो के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि जो नदी के किनारे किसानों ने आपने फसल उगा के आपने रोजी रोटी करता है।साथ मे नदी में पानी नहीं होने के कारण फसल उगनेवाली किसानों काफी परेशान हो रहे हैं। हल्की कुछ दिन पहले बारिश हुआ।लेकिन किसानों का मन नहीं भरा किसानों ने भी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। ताकि फसल उगाने में कोई भी दिक्कत ना हो।

## गौरियाकर्मा पीएचसी में दो डॉक्टर्स एवं चार नर्स की हो पोस्टिंग : कुमारी मीरा

### 5 साल से बंद उप स्वास्थ्य केंद्र को चालू कराने की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कुमारी मीरा (मुखिया)

गौरिया कर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिछले 8 सालों से डॉक्टर्स एएनएम की कमी झेल रहा है। तमाम कोशिस के बाद में अस्पताल के लिए सृजित डoक्टर्स का पद को भरा नही जा सका है। जिसके कारण मरीजो को काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में नव निर्वाचित मुखिया कुमारी मीरा ने इस संबंध में सरकार से मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरियाकर्मा के लिए दो डॉक्टर्स की और पोस्टिंग हो । फिलहाल डॉ सचिन कुमार की एक मात्र पोस्टिंग हुई है। अकेला डॉक्टर होने के कारण उनपर काफी दबाब रहता है। इसलिए कम से कम दो और डॉक्टर्स की पोस्टिंग होनी चाहिए। ताकि आम जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। मुखिया ने बताया कि फिलहाल पीएचसी गौरिया कर्मा के लिए 3 ए ग्रेड नर्स , 2 डिप्लोमाधारी नर्स , 2 कंपाउडर एवं 1 लैब टेक्नीशियन की जरूरत है। सरकार को इनकी कमी पूरी करनी होगी। मुखिया कुमारी मीरा ने बताया कि गौरिया सब हेल्थ सेंटर पिछले 5 साल से बंद है। जिसके कारण आस पास के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं नही मिल पा रहा है। प्रसव के लिए गौरियकर्मा पीएचसी आना पड़ता है। इसलिए हर हालत में गौरिया उप स्वास्थ्य केंद्र को चालू किया जाना चाहिए। मुखिया ने डीएस डo प्रकाश ज्ञानी सेदूरभाष पर बात कर पीएचसी में संसाधन उपलब्ध कराने एवं उप स्वास्थ्य केंद्र गौरिया को चालू कराने की मांग की है।

## गिरीडीह सदर अस्पताल में सहिया दीदी का हुआ प्रशिक्षण एव किट का हुआ वितरण

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह सदर अस्पताल में आज प्रखंड के सभी सहिया(आशा दीदी) को अस्पताल के सभागार में BPM,BTT ने सभी सहिया को ट्रेनिंग दिया गया।जो तीन सेक्सन में ट्रेनिंग दिया गया।कि आयुष्मान भारत कार्ड से सदर अस्पताल में इलाज करवाया जाएगा तो इससे सभी सहिया को इससे लाभ भी मिलेगा।उसके बाद सभी को गिरीडीह ब्लॉक में जाकर किट ले कि बात कही।तब सभी सहिया ब्लॉक गया जंहा पर किट का वितरण किया गया और बताया गया कि किस प्रकार से अपने क्षेत्र में काम करना है।यह वितरण जो झारखंड ग्रामीण स्वस्थ मिशन समिति के द्वारा वितरण किया गया।जो अपने काम क्षेत्र में नई शादी के जोड़े को देना है ।इसमें उनसे जुड़े बहुत से सामान है।जैसे ऐनक, साबुन,शेम्पू, कंघी,आदि।

## बिरनी प्रखंड मुख्यालय से मोटर की चोरी

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखण्ड मुख्यालय में प्रखंड भवन निर्माण कार्य स्थल से अज्ञात चोरों द्वारा पानी का कम्प्रेशर मोटर की चोरी कर ली गई। ज्ञात हो कि यहां बीडीओ, सीओ व अन्य प्रखण्ड कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण होना है। निर्माण कार्य की देख–रेख करनेवाले पप्पू कुमार दास हरसिंगरायडीह थाना गिरिडीह निवासी ने बिरनी थाना में इस आशय का आवेदन दिया है। बताया कि बुधवार रात्रि पानी की कम्प्रेशर मशीन की चोरी हो गयी। मामले की जांचकर उचित कार्यवाही की मांग की गई।

## 50 नये आजिविका महिला समूह को ऋ़ण लिंकेज हेतू किया गया दस्तावेज का सत्यापन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन मे शनिवार को प्रखंड के 50 नये आ. जिविका महिला समूह की महिलाओ को ऋण मुहैया कराने के लिए लिंकेज हेतू दस्तावेज का सत्यापन किया गया ।यह सत्यापन बीडीओ मूरली यादव की उपस्थिति मे बैंक अoफ इंडिया एवं जेएसएलपीएस के तत्वाधान मे एसकेवीके विकास भवन के ईन्चार्च प्रिन्स कुमार, बैंक प्रबंधक राजऋषि भेहरा, प्रबंधक ,केदार कुमार,प्रतापपुर बैंक के कर्मी कपिल कुमार,बीपीएम नीरज सिंह, सीसी मनोज कुमार, आदर्श कुमार, शशिकांत कुमार के द्वारा किया गया मौके पर बीपीएम नीरज सिंह ने बताया कि बीते छ माह से ऋण लिंकेज का काम बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा नही किया जा रहा था।लेकिन बार बार शिकायत होने के बाद क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग के पहल पर शनिवार होने के बाबजूद भी समूह के महिलाओ का ऋण लिंकेज हेतू दस्तावेज का सत्यापन किया गया । जिसमे लाख से तीन लाख तक ऋण की स्वीकृति प्रदान किया गया । चूंकि इन समूह को पहली बार ऋण मुहैया के लिए ऋण लिंकेज हेतू दस्तावेज का सत्यापन किया गया







APEM LIVE